Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 212 रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

रायगढ़ के लेबर कॉलोनी में सिलेंडर लीक आधा दर्जन से अधिक मजदूर झुलसे, 2 गंभीर

रायगढ़, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। जिले के पुसौर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छपोरा स्थित लेबर कॉलोनी में सोमवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। खाना बनाते समय सिलेंडर से अचानक गैस लीक हुई और उसमें आग लग गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक मजदूर झुलस गए।

जानकारी के मुताबिक पुसौर ब्लॉक के ग्राम छपोरा में सोमवार की रात 7 बजे प्लांट में काम करने वाले मजदूर लेबर कॉलोनी में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीकेज होने से कमरे में आग लग गई, जिससे आधे दर्जन से अधिक मजदूर झुलस गए। जिसके बाद आनन-फानन में 4 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं अन्य घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

घायलों में सरवानी निवासी खीरराम पटेल (36 वर्ष), सक्ती निवासी शैलेन्द्र कुमार यादव (44 वर्ष), बिहार निवासी मंजय कुमार (22 वर्ष), खरसिया सरवानी निवासी उपेन्द्र डनसेना (38 वर्ष) समेत 7 लेबर शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुसौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सिलेंडर लीक के कारण का पता नहीं चल पाया है।

बस्तर में भारी बारिश : नदी-नाले उफान पर, नेशनल हाईवे बंद

जगदलपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मानसन सक्रिय है. मौसम विभाग ने आज 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। बस्तर में रात से तेज बारिश हो रही है। बाढ़ के चलते जगदलपुर से सुकमा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे बंद हो गया है। झीरम नाला उफान पर चल रहा है। सड़क से करीब 2 फीट ऊपर पानी बहने से आवाजाही ठप हो गई है।

सड़क के ऊपर दो फीट बह रहा पानी

जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, गरियाबंद, धमतरी, कोंडागांव, बस्तर जिलों में आज भारी बारिश के साथ बिजली गिरने, बादल गरजने और आंधी चलने की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बन सकता है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर भारी बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

डोडा में बादल फटा, 10 से अधिक घर तबाह; बचाव कार्य जारी

नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से एक बार फिर तबाही मच गई है। 10 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। डोडा जिले में लगातार भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण कई संपर्क सड़कों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्से बंद हो गए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। जहां अचानक से तबाही मच गई है। इससे पहले किश्तवाड़ और थराली में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। किश्तवाड़ जिले और डोडा के कई इलाकों में बादल फटने की सूचनाएं मिल रही हैं।

स्कूल से घर लौटी सरकारी टीचर 3 साल की बेटी को लेकर खुद पर डाला पेट्रोल और लगा ली आग

नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)। राजस्थान के जोधपुर में शनिवार को एक महिला और उसकी तीन साल की बेटी अपने घर में संदिग्ध रूप से जली हुई हालत में मिलीं। महिला पर आरोप है कि उसने खुद को और अपनी बेटी को जिंदा जला लिया, जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में अस्पताल में महिला की मौत हो गई। बता दें कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा में 20 साल की महिला निकिता भाटी को उसके पति विपिन और ससुराल वालों ने उसके बेटे के सामने जिंदा जला दिया था।

सरकारी स्कूल की लेक्चरर संजू बिश्नोई ने शनिवार सुबह महात्मा गांधी अस्पताल में गंभीर रूप से जलने के कारण दम तोड़ दिया। इससे एक दिन पहले ही उनकी तीन साल की बेटी यशस्वी को सरनाडा गांव स्थित उनके घर में जिंदा जला दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जापान यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-जापान संबंध: साय



रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आगामी यात्रा और ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की सहभागिता पर कहा कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बहुत जल्द जापान आ रहे हैं। भारत और जापान की मित्रता ऐतिहासिक और गहरी है। उनके इस दौरे से यह संबंध और भी मजबूत होंगे और हमारे देश को अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ सप्ताह से विज़न 2047 को मिलेगा वैश्विक आयाम

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा भारत और जापान के बीच तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाएगी। इससे दोनों देशों की जनता को लाभ होगा और साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के संदर्भ में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कल हमने छत्तीसगढ़ को समर्पित सप्ताह का शुभारंभ किया है। यह वर्ल्ड एक्सपो भारत की संस्कृति को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का एक बड़ा प्रयास है। छत्तीसगढ़ का सप्ताह न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे निवेश और सहयोग के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान यात्रा और ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी प्रदेश और देश दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगी।

मरही माता मंदिर दर्शन करने जा रहे एक ही परिवार के 4 लोग नाले में बहे, 3 बच्चों के शव बरामद, 1 अब भी लापता

इधर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। मरही माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे एक ही परिवार के चार लोग नाले में बह गए। हादसे में तीन बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। बताया जा रहा है कि तेज बारिश के कारण नाले में अचानक बाढ़ आने से यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार, भाटापारा और बिलासपुर निवासी श्रद्धालु परिवार बेलगहना थाना क्षेत्र के खोंगसरा स्थित मरही माता मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान परसदा निवासी गौरी ध्रुव (13 वर्ष), निशांत ध्रुव (5 वर्ष) और भाटापारा निवासी बलराम ध्रुव की 13 वर्षीय बेटी मुस्कान ध्रुव का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि बलराम ध्रुव अब तक लापता हैं। घटना बेलगहना, पेंड्रा इलाके में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण हुई, जिससे नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान जारी है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। यह कार्रवाई अस्पताल निर्माण में हुए घोटाले को लेकर की गई है। ईडी अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने अस्पताल निर्माण में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के आवास पर छापेमारी की है। जानकारी के लिए बता दें कि ईडी की दिल्ली और आस पास के 13 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सौरभ भारद्वाज के घर हुई छापेमारी पर कहा कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। आप को निशाना बनाया जा रहा है। आप को निशाना इसलिए बनाया जा रहा है क्योंकि पार्टी ने मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सबसे ज्यादा आवाज उठाई है। सौरभ भारद्वाज के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी की ओर से बयान सामने आया है। आप ने इस कार्रवाई को ध्यान भटकाने की रणनीति बताया है। साथ ही दावा किया है कि उनके खिलाफ मामला झूठा है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने ईडी की कार्रवाई पर कहा कि छापेमारी ध्यान भटकाने की रणनीति है। यह मामला उस समय का है जब भारद्वाज किसी मंत्री पद पर नहीं थे। यह मामला झूठा है।

पेड़ पर लटका मिला युवक-युवती का शव

बीजापुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। जिला मुख्यालय बीजापुर से लगे ग्राम तुरनाम के जंगल में युवक-युवती का शव पेड़ पर लटका मिला है. इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद दो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शवों से दुर्गंध आ रही थी. ग्रामीणों के बताए अनुसार दोनों शव पिछले एक सप्ताह से पेड़ पर लटके रहे हैं. बीजापुर कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मामला प्रेम- प्रसंग का है. इस मामले से पुलिस के हाथों मोबाइल से एक वीडियो भी हाथ लगा है। टीआई ने बताया, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शवों को सौंप दिया गया है. युवती नाबालिग है और जंगला की रहने वाली थी. वहीं युवक शंकर मंडावी बस्तर के कोंडागांव थाना क्षेत्र के तुरनार का रहना वाला था. बीजापुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

तेलीबांधा गोलीकांड: लॉरेंस बिश्नोई के करीबी कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को लाया जाएगा रायपुर

रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर और लॉरेंस बिश्नोई के करीबी मयंक सिंह को झारखंड से रायपुर लाने की तैयारी तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ एटीएस ने झारखंड एटीएस की मदद से उसे हाल ही में गिरफ्तार किया है। मयंक सिंह पर आरोप है कि उसने 13 जुलाई 2024 को राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में स्थित पीआरए ग्रुप के दफ्तर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलाने की साजिश रची थी। इस मामले में उसके खिलाफ हत्या, लूट और धमकाने जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, मयंक सिंह को अजरबैजान से गिरफ्तार कर प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाया गया। उसके बाद से एटीएस की टीमें लगातार उससे पूछताछ कर रही हैं। बताया जाता है कि मयंक सिंह अपने गुर्गों के साथ लगातार छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक फैले आपराधिक नेटवर्क को संचालित कर रहा था। मार्च महीने में झारखंड एटीएस ने अमन साका नाम के उसके करीबी सहयोगी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मयंक तक पहुंच बनाई। छत्तीसगढ़ एटीएस सूत्रों के मुताबिक, मयंक सिंह गिरोह के तार रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई समेत प्रदेश के कई जिलों से जुड़े हैं। गिरोह के सदस्य बड़ी कंपनियों और कारोबारियों को विदेशी नंबर से कॉल कर धमकाते थे और भारी रकम की मांग करते थे। मयंक सिंह का नाम रायपुर और अन्य शहरों में हुए गैंगवार से भी जुड़ा हुआ है। उस पर पीआरपी ग्रुप के दफ्तर में गोलीबारी करने, बड़े कारोबारियों से शादीशुदा महिलाओं के जरिए ब्लैकमेलिंग कर रकम वसूलने, धमकी भरे फोन कॉल और हथियारों की तस्करी करने जैसे संगीन आरोप हैं। 10 अक्टूबर 2024 को मयंक सिंह के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। उसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। एटीएस टीम अब मयंक सिंह को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आएगी। यहां उससे पीआरपी ग्रुप फायरिंग केस और रंगदारी से जुड़े मामलों में गहन पूछताछ की जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि उसकी गिरफ्तारी से छत्तीसगढ़ और झारखंड के आपराधिक नेटवर्क की कई कड़ियां खुलेंगी।

तेलीबांधा थाने के पास स्थित कंस्ट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर 13 जुलाई 2024 को करीब 11 बजे पल्सर बाइक सवार दो शूटरों ने दफ्तर के बाहर पार्किंग एरिया में फायरिंग की। वहीं, फायरिंग की आवाज सुनकर कार में बैठे कारोबारी के ड्राइवर और कर्मचारी घबरा गए और जान बचाकर ऑफिस के अंदर भागे। फायरिंग की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग में 2 से 3 राउंड गोली चलाई। घटना के बाद नकाबपोश शूटर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने पुलिस ने पूरे शहर में नाकेबंदी की। वहीं गोली चलाने वाले युवकों की बाइक छ॥ 01 झ्र4692 को तेलीबांधा क्षेत्र से बरामद किया गया था। इस गोलीकांड मामले में पुलिस ने झारखंड और पंजाब में स्पेशल टीम गठित कर कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने दोनों राज्यों से अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी मामले से जुड़े झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव का मार्च महीने में एनकाउंटर हुआ। रायपुर के तेलीबांधा इलाके में कारोबारी पर गोली चलाने के मामले में नाम आने के बाद वह रायपुर जेल में बंद था।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, पीएम नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं किसानों पर आंच नहीं आने देंगे।
चुहिया- हां जी, आग जलेगी पर आंच नहीं आएगी।

खमतराई क्षेत्र में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले महिला सहित 3 गिरफ्तार

अवैध संबंध बना हत्या का कारण

रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)। थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत मिलाल बाड़ा के पीछे खाली प्लाट रावाभाठा खमतराई पास एक व्यक्ति का शव मृत अवस्था में बोरी के अंदर भरा हुआ था, चेहरा कपड़े से बंधा था तथा हाथ पैर रस्सी से बंधा हुआ था। जिस पर मौके पर एफ.एस.एल. की टीम को बुलाकर शव का निरीक्षण कराया गया और शव के चेहरे बंधे हुये कपड़े को निकलवाकर देखा गया जिस पर ज्ञात हुआ कि मृतक अज्ञात पुरूष के सिर पर किसी धारदार हथियार से कई मारकर चोट पहुंचाया गया है। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक अज्ञात पुरूष की किसी धारदार हथियार से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया गया था, कि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 964/25 धारा 103, 238 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अंधे कत्ल की घटना को उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मिनल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा, थाना प्रभारी खमतराई एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को मृतक अज्ञात पुरूष की शिनाख्त करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत सर्वप्रथम मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास प्रारंभ करने के साथ-साथ घटना स्थल तक के पहुंच मार्ग को सुनिश्चित करने सी.सी.टी.व्ही. फूटेज संरक्षण एवं विश्लेषण तथा तकनीकी विश्लेषण के कार्य हेतु टीम को पाबंद किया गया। मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के क्रम में आसपास के क्षेत्रों में पतासाजी व पूछताछ करते हुये मृतक की पहचान गया माडे पिता उषा माडे उम्र 23 साल निवासी टीटीवेरी थाना मलकानगिरी जिला मलकानगिरी उडीसा, हाल पता - आर आर इंडस्ट्रीज कंपनी मेटल पार्क रावाभाठा रायपुर के रूप में की गई, जो आर आर इंडस्ट्रीज मेटल पार्क में मजदूरी का कार्य करता था। टीम के सदस्यों द्वारा उक्त इंडस्ट्रीज में जाकर कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों से मृतक के संबंध में पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक रामा माडे का उसी कंपनी में कार्य करने वाली एक विवाहित महिला सोनम के साथ अवैध संबंध था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सोनम को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसका मृतक रामा माडे के साथ अवैध संबंध था। दिनांक घटना को वह एवं मृतक उसके घर के कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में थे, इसी दौरान उसका पति कृष्णा बंजारे आ गया तथा दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर आवेश में आकर कृष्णा कुमार मृतक रामा माडे के साथ मारपीट कर पास रखें लकड़ी के बते से सिर पर मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया। जिसके बाद देर रात्रि मौका देखकर आरोपी कृष्णा कुमार एवं सोनम द्वारा अपने साथी रामकृष्ण बंजारे उर्फ राजाराम को बुलाकर साथ मिलकर मृतक के शव के हाथ पैर को रस्सी से बांध दिये एवं पहचान छिपाने के लिये चेहरे में कपड़ा बांधकर शव को सफेद रंग की बोरी में भरकर कृष्णा बंजारे के मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 डी व्ही 9405 में ले जाकर घटना स्थल पर फेंक कर वापस अपने घर आ गये।

शिवराज बनेंगे भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष?

मोहन भागवत से 45 मिनट तक मुलाकात के मायने क्या?

नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)। दो साल के लंबे अंतराल के बाद, रविवार शाम को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात पैंतालीस मिनट तक चली। सूत्रों के अनुसार, यह एक आमने-सामने की मुलाकात थी, जो संघ के दिल्ली मुख्यालय झंडेवालान, केशव कुंज में हुई। हालांकि, शिवराज सिंह चौहान ऐसी किसी भी मुलाकात से इनकार कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भाजपा को अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश है। भागवत से इस मुलाकात से पहले, चौहान भारत मंडपम में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में थे, जहाँ उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगी गजेंद्र शेखावत के साथ मंच साझा किया। आरएसएस प्रमुख के साथ उनकी मुलाकात बंद कमरे में हुई, जिसके बाद वे मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए। सोमवार को चौहान आईआईएसईआर में थे। रविवार को भागवत से मुलाकात के बाद से, चौहान का नाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में फिर से सबसे आगे चल रहा है। वे भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने 16 वर्षों से अधिक समय तक मध्य प्रदेश पर शासन किया है।

उनके कार्यकाल ने भाजपा को हिंदी पट्टी में एक स्थिर आधार दिया, जिसकी तुलना गुजरात में नरेंद्र मोदी से की जा सकती है। हालाँकि वे एक ओबीसी नेता हैं, लेकिन जातिगत सीमाओं से परे जाकर अपील करने की उनकी क्षमता ने कुछ समुदायों के बीच कांग्रेस की पारंपरिक बढ़त को बेअसर करने में मदद की। दरअसल, बीजेपी आरएसएस सितंबर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा कराने की कोशिश में है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के तुरंत बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। कोशिश है कि 28 सितंबर से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा करा लिया जाए।